# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in E-mail id – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : ५२९ /एके0/एम0एस0यू0/2025–26 दिनांकः १५/०१/2025

**सेवा में,**

**प्राचार्य/प्राचार्या,**
**समस्त सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय।**
**जनपद सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर।**

**विषयः– उ0प्र0 के समस्त सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में कार्यवाहक प्राचार्यो द्वारा महाविद्यालय में अपने विषय से सम्बन्धित कक्षाएं लेने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) के पत्र संख्या डिग्री अर्थ 1 /2024–25 दिनांक 30.05.2024 (प्रतिलिपि संलग्न) के क्रम में अपर जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर के पत्र संख्या 2415/शि.लि. /जनवाणी संदर्भ दिनांक 07.08.2024 का संदर्भ ग्रहण करे, जिसके माध्यम से समस्त सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में कार्यवाहक प्राचार्यो द्वारा महाविद्यालय में अपने विषय से सम्बन्धित कक्षाऐ लेने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये है।

अवगत कराना है कि उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित व्यवस्थाओं के अनुरूप पूर्णकालिक प्राचार्यों की नियुक्ति न हो पाने की दशा में कार्यवाहक प्राचार्यो की नियुक्ति की जाती है, जिसमें उन्हें अध्यापन के कार्य के अतिरिक्त प्राचार्य पद का अतिरिक्त कार्यभार प्रदान किया जाता है। उ0प्र0 के समस्त सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत कार्यवाहक प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि वह प्राचार्य पद के उत्तरदायित्व के साथ–साथ अपने विषय से सम्बन्धित कक्षाओं में नियमानुसार अध्यापन का कार्य करना भी सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः– यथोपरि।**

14-9-25
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

01. शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा), प्रयागराज।
02. अपर जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर।
03. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
04. परीक्षा नियंत्रक।
05. वित्त अधिकारी।
06. सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता)
07. गार्ड फाइल।

उपकुलसचिव

(1261 Reg)

रजिस्ट्रार
मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय
सहारनपुर

रजिस्ट्रार

कलक्ट्रेट मुजफ्फरनगर
पत्रांक 2415/शि.ति./जनवाणी सदर्भ
दिनांक 7/8/2025

(गजेन्द्र कुमार)
अपर जिलाधिकारी (वि० / रा०)
मुजफ्फरनगर।

6 AUG 2025

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा)
डिग्री अर्ध 1 अनुभाग,
प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त कार्यवाहक प्राचार्य,
सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय
उ0प्र0।

पत्रांकः डिग्री अर्ध-1/ /2024-25 दिनांकः 30/05/2024

विषयः उ0प्र0 के समस्त सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में कार्यवाहक प्राचार्यों द्वारा महाविद्यालय में अपने विषय से सम्बन्धित कक्षाऐं लेने के सम्बन्ध में।

महोदय

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अनेक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि प्रदेश के जिन महाविद्यालयों में पूर्णकालिक प्राचार्यो की नियुक्ति नहीं हुयी है वहाँ कार्यवाहक प्राचार्यों द्वारा स्वयं को कक्षाओं में अध्यापन के कार्य से मुक्त रखा जा रहा है एवं उनके द्वारा कक्षाऐं नही ली जा रही है, जो अत्यन्त खेदजनक है।

अवगत कराना है कि उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली में [illegible] के अनुरूप पूर्णकालिक प्राचार्यो की नियुक्ति न हो पाने की दशा में कार्यवाहक प्राचार्य की नियुक्ति की जाती है, जिसमें उन्हें अध्यापन के कार्य के अतिरिक्त प्राचार्य पद का अतिरिक्त कार्यभार प्रदान किया जाता है।

अतएव उ0प्र0 के समस्त सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत कार्यवाहक प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि वह प्राचार्य पद के उत्तरदायित्व के साथ – साथ अपने विषय से सम्बन्धित कक्षाओं में नियमानुसार अध्यापन का कार्य करना भी सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में उसके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

मां शाकुम्भरी वि० वि० सहारनपुर
श्री ...AR (Affiliation)... को
आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
| Date | Month | Year |
|---|---|---|
| | | |
29-8-25
कुल सचिव

भवदीय,

डॉ० (अमित भारद्वाज)
निदेशक, उच्च शिक्षा
उ0प्र0,प्रयागराज।

सं० - डिग्री अर्ध-1/ 1171 - 61 /2024-25 29-8-25

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले अशासकीय महाविद्यालयों में इस कार्यालय द्वारा उपरोक्त आदेश का कठोरता से अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करें।
2. तकनीकी सहायक (उ0शि0) को इस आशय से प्रेषित की उक्त पत्र की एक प्रति निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

मां शाकुम्भरी वि० वि० सहारनपुर
श्री प्रभारी, शैक्षणिक को
आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
| Date | Month | Year |
|---|---|---|
| | | |
3.9.25
सहायक कुल सचिव प्रशासन

48/9/25

30/5/24

डॉ० (अपर्णा मिश्रा)
संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा
उ0प्र0,प्रयागराज।